## मध्यप्रदेश शासन,
## लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
## मंत्रालय भोपाल

क्र./PHFW/0198/2022/17/M-3/I/79149/1997 भोपाल, दिनांक 21/10/2022

प्रति,

1. समस्त विभागाध्यक्ष, म.प्र. शासन, मध्यप्रदेश।
2. अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, ग्वालियर, मध्यप्रदेश।
3. रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, जबलपुर/ग्वालियर/इंदौर, मध्यप्रदेश।
4. समस्त संभागीय आयुक्त, मध्यप्रदेश।
5. समस्त क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, मध्यप्रदेश।
6. समस्त जिला अध्यक्ष, मध्यप्रदेश।
7. समस्त अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।

**विषयः–** शासकीय कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों की जांच/उपचार के संबंध में सी.जी.एच.एस. (CGHS) भोपाल के पैकेज दरों पर उपचार हेतु सहमत राज्य के भीतर निजी चिकित्सालयों के सूचीबद्धकरण (Empanelment) विषयक।

**संदर्भः–** म.प्र. राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित अधिसूचना क्र. 442, दिनांक 03 अगस्त 2022 द्वारा अधिसूचित "मध्यप्रदेश सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 2022"

विषयान्तर्गत लेख है कि विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त शासकीय कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के चिकित्सा उपचार पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधी प्रक्रियाओं के सरलीकरण हेतु दिनांक 03/08/2022 को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 1958 को निरसित करते हुए नवीन मध्यप्रदेश सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 2022 को प्रभावशील किया गया है। उक्त नियमों के तहत शासकीय कर्मचारियों के हितलाभ को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सीय उपचार तथा नैदानिक सेवाओं को विस्तारित करते हुए सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट हेल्थ स्कीम (CGHS) के भोपाल शहर हेतु निर्धारित पैकेज अनुसार एकरूप किया गया है।

राज्य शासन, एतद् द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 2022 के अंतर्गत राज्य के भीतर निजी चिकित्सालयों के सूचीबद्धकरण हेतु विहीत राज्य स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 14/09/2022 में लिए गए निर्णय के अनुक्रम में प्रदेश के निम्न निजी अस्पतालों को National Accreditation Board for Hospital & Health Care Providers (NABH) Certificate की वैधता को दृष्टिगत रखते हुए, शासकीय कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों की जांच/उपचार हेतु सी.जी.एच.एस. (CGHS) भोपाल के पैकेज दर अनुरूप उपचार हेतु सूचीबद्ध करती है:–

| क्र. | जिला | रजिस्ट्रेशन क्र. | अस्पताल का नाम | जांच/उपचार जिसके लिए अस्पताल को सूचीबद्ध किया गया | अधिमान्यता की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भोपाल | NH/158/June/10 | चिरायु मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल | 1. **Kidney transplant & haemodialysis**<br>2. **Cancer disease**<br>3. **Joint replacement – THR, TKR, TER, TSR & Partial shoulder replacement**<br>4. **Mammography**<br>5. **M.R.I**<br>6. **CT scan**<br>7. **Heart-disease**<br>8. **Head injury**<br>9. **Neuro surgery**<br>10. **Spinal surgery** | जून 2025 तक |

| क्र. | जिला | रजिस्ट्रेशन क्र. | अस्पताल का नाम | जांच/उपचार जिसके लिए अस्पताल को सूचीबद्ध किया गया | अधिमान्यता की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | भोपाल | NH/37/Dec/2007 | हजेला हास्पिटल | **1. Orthopedics Surgery<br>(1) THR<br>(2) TKR<br>2. Cochlear Implant<br>3. Obstetrics and Gynecology<br>4. In Vitro Fertilization (IVF)<br>5. General Surgery<br>6. 2D ECHO/Color Doppler TMT** | जून 2025 तक |
| 3. | भोपाल | NH/3430/Nov/2016 | प्रकाश आई केयर एण्ड लेजर सेंटर | **1. Ophthalmology<br>(1) Perimetry<br>(2) Indian IOL ICS (Non foldable)<br>(3) Phacoemulsification IOL** | जून 2025 तक |
| 4. | भोपाल | NH/101/Apr/08 | एल.एन. मेडिकल कालेज एण्ड जे.के. हॉस्पिटल | **1. Cardiology and Cardiothoracic surgery<br>2. CT Scan<br>3. Head injury<br>4. TMT<br>5. Mammography<br>6. Orthopedics Surgery<br>(1) THR<br>(2) TKR<br>7. Neurosurgery<br>8. Spinal Surgery,<br>9. Congenital malformation** | जून 2025 तक |
| 5. | भोपाल | NH/259/Jul/2014 | दिव्य एडवांस ई.एन.टी क्लीनिक | **1. Cochlear implant** | जून 2025 तक |
| 6. | भोपाल | NH/6812/Feb/2018 | गट् जी.आई. लीवर हॉस्पिटल | **1. Gastroenterology<br>2. General Surgery<br>3. 2D ECHO<br>4. TMT** | जून 2025 तक |
| 7. | होशंगाबाद | 34 | कमलाबाई प्रेमनारायण मालवी हॉस्पिटल, | **1. Obstetrics and Gynecology<br>2. General Surgery** | जून 2025 तक |
| 8. | होशंगाबाद | 2 | न्यू पांडेय हॉस्पिटल | **1. Spinal surgery<br>2. Neuro surgery<br>3. Head injury<br>4. Obstetrics and Gynecology<br>5. General Surgery** | जून 2025 तक |
| 9. | रतलाम | NH/2027/Jun/2016 | रतलाम हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर | **1. Obstetrics and Gynecology<br>2. General Surgery<br>3. 2D ECHO<br>4. Dialysis** | जून 2023 तक |
| 10. | जबलपुर | NH/2835/Apr/2021 | बडेरिया मेट्रोप्राइम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल | **1. Heart Disease<br>2. Cancer Disease<br>3. Neuro Surgery<br>4. Orthopedics Surgery – THR, TKR<br>5. Vascular Surgery<br>6. General Surgery and Laparoscopic Surgery<br>7. Nephrology including Dialysis<br>8. Obstetrics and Gynecology<br>9. Otorhinolaryngology<br>10. Orthopaedic Surgery<br>11. Emergency and General Medicine** | जून 2024 तक |
| 11. | कटनी | 50 | मोहनलाल गुप्ता मेमोरियल (एम.जी.एम.) हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर | **1. Burns & post Burn Contractures<br>2. Obstetrics and Gynecology<br>3. Orthopedics Surgery<br>(1) THR<br>(2) TKR<br>4. Neuro Surgery<br>5. General Surgery** | जून 2024 तक |

| क्र. | जिला | रजिस्ट्रेशन क्र. | अस्पताल का नाम | जांच / उपचार जिसके लिए अस्पताल को सूचीबद्ध किया गया | अधिमान्यता की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 12. | शहडोल | 35/2014 | अमृता हॉस्पिटल | **1. General Surgery<br>2. Obstetrics And Gynecology<br>3. Laboratory Services<br>(1) Clinical Biochemistry<br>(2) Clinical Pathology<br>(3) Hematology** | जून 2023 तक |
| 13. | बुरहानपुर | NH/9383/Aug/2019 | आल इज वेल मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल | **1. Anesthesiology<br>2. Cardiology<br>3. General Surgery<br>4. Neuro Surgery<br>5. Obstetrics and Gynecology (HRP)<br>6. Orthopedics Surgery<br>7. Ophthalmology<br>8. Pediatrics (Including Neonatology)** | जून 2024 तक |
| 14. | छिंदवाड़ा | NH/0333/Mar/2020 | आरोग्य हेल्थकेयर मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल | **1. General Medicine<br>2. General Surgery<br>3. Orthopedics Surgery<br>4. Urology** | जून 2023 तक |
| 15. | इन्दौर | NH/0254/Feb/2020 | एमिनेंट हॉस्पिटल | **1. Anesthesiology<br>2. General Surgery<br>3. Medical Gastroenterology<br>4. Nephrology<br>5. Neurology<br>6. Neuro Surgery (Including spine Surgery)<br>7. Orthopedics Surgery<br>8. Respiratory Medicine<br>9. Urology<br>10. 2D ECHo** | जून 2023 तक |
| 16. | भोपाल | NH/60/Jan/08 | पारूल हॉस्पिटल | **1. Anesthesiology<br>2. General Medicine<br>3. General Surgery<br>4. Obstetrics and Gynecology<br>5. Orthopedics Surgery<br>6. Pediatrics** | जून 2024 तक |
| 17. | भोपाल | NH/1807/Dec/2020 | सिटी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल | **1. Anesthesiology<br>2. General Medicine<br>3. General Surgery<br>4. Orthopedics Surgery** | जून 2023 तक |
| 18. | भोपाल | NH/231/Apr/13 | श्री सांई हास्पिटल | **1. Anesthesiology<br>2. General Medicine<br>3. General Surgery<br>4. Neurology<br>5. Neuro Surgery<br>6. Obstetrics and Gynecology (Excluding High Risk Pregnancy)<br>7. Orthopedics Surgery<br>8. Pulmonology (only Chest Diseases)<br>9. Urology** | जून 2023 तक |
| 19. | भोपाल | NH/6113/Oct/2017 | मगन चाइल्ड केयर हॉस्पिटल एंड मल्टीस्पेशलिटी | **1. Pediatrics** | जून 2023 तक |
| 20. | भोपाल | NH/9313/Aug/2019 | भोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल | **1. General Surgery<br>2. Orthopedics Surgery<br>3. Obstetrics and Gynecology (High Risk Pregnancy)<br>4. Plastic & Reconstructive Surgery<br>5. Urology<br>6. Neurosurgery** | जून 2023 तक |

उपरोक्त अधिमान्यता निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहेगी:–

1. राज्य के भीतर सूचीबद्ध चिकित्सालय से संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जानकारी प्रत्येक माह के 7 तारीख तक mr.dhs@mp.gov.in पर प्रेषित करना होगी।
2. सूचीबद्ध चिकित्सालय द्वारा शासकीय कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों का उपचार, सी.जी.एच.एस. भोपाल के पैकेज दर अनुरूप किया जाएगा एवं तदानुसार निर्धारित पैकेज दरों का प्रदर्शन चिकित्सालय में किया जाएगा।
3. अधिमान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालयों द्वारा शासकीय कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों से पंजीयन शुल्क नहीं लिया जाएगा।
4. शासन द्वारा वांछित जानकारी समय पर न भेजने, शासकीय कर्मचारियों अथवा उनके आश्रितों के उपचार हेतु निर्धारित सी.जी.एच.एस. भोपाल के पैकेज दर से अधिक शुल्क लेने, संस्थान द्वारा प्रदायित स्वास्थ्य सुविधाएं उपयुक्त/मानक स्तर का न पाए जाने पर अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर, यह अधिमान्यता किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकेगी।
5. Cardiothoracic Surgery हेतु Cath Lab, Intensive Coronary Care Unit (ICCU), OT for Interventional *Surgery/Procedures की व्यवस्था* निजी अस्पताल के भवन अथवा परिसर में आवश्यक रूप से होना तथा शल्यक्रिया पश्चात् रोगी के आवश्यक देखभाल हेतु पूर्णकालिक विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता होना अनिवार्य है।
6. बड़ी शल्य क्रिया जैसे ओपन हार्ट सर्जरी इकाई हेतु निजी चिकित्सालय में स्वयं का ब्लड बैंक होना अनिवार्य है।
7. शासकीय सेवक द्वारा Private ward में स्वेच्छा से भर्ती होने पर, सी.जी.एच.एस. भोपाल के निर्धारित पैकेज की अधिकतम सीमा तक ही चिकित्सा प्रतिपूर्ति की जाएगी।
8. यह अधिमान्यता मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में अधिसूचना क्र. 442, दिनांक 03 अगस्त 2022 के स्थापित प्रावधानों के तारतम्य में जारी की गई है एवं इस परिपत्र में उल्लेखित शर्तों के अनुपालन में अध्याधीन रहेगी।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से**
**तथा आदेशानुसार**

डॉ. सुदाम खाडे,
सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

क्र./PHFW/0198/2022/17/M-3/I/7914/1998 भोपाल, दिनांक 21/10/2022

**प्रतिलिपि:–**

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) (ऑडिट) – 1/2 ग्वालियर, म.प्र.।
2. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल, म.प्र.।
3. आयुक्त स्वास्थ्य, सतपुड़ा भवन, भोपाल, म.प्र.।
4. संचालक चिकित्सा सेवाएं/लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल, म.प्र.।
5. संचालक चिकित्सा शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल, म.प्र.।
6. अपर संचालक/संयुक्त संचालक (एम.आर.), संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, भोपाल, म.प्र. (कृपया विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करावें)।
7. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, म.प्र.।
8. समस्त सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, म.प्र.।
9. लेखा शाखा, मंत्रालय, भोपाल, म.प्र.।
10. समस्त संचालक, सूचीबद्ध अस्पताल, म.प्र.
    की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. गार्ड फाईल।

सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग